तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2

गुरु घासीदास बाबा का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्रः लखन



## खबर संक्षेप

### एसईसीएल अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहा आईआईटी

**कोरबा।** आईआईटी आईएसएम के मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से एसईसीएल के अधिकारियों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिलासपुर में आयोजित प्रशिक्षण में डॉ.पीएस मिश्रा, सीएमडी एसईसीएल, प्रो.सुकुमार मिश्रा निदेशक आईआईटी धनबाद (ऑनलाइन जुड़े), प्रो.रजनी सिंह, प्रो.जेके पटनायक, प्रो.रश्मि सिंह व प्रो.नीलाद्रि दास सहित अन्य मौजूद थे। प्रशिक्षण कोयला खनन क्षेत्र के लिए नवीनतम परियोजना और वित्तीय प्रबंधन प्रथा और सॉफ़्टवेयर के व्यवहारिक अनुभव देने पर केंद्रित है।

### घर-घर जाकर भाजपाईयों ने किया जनसंपर्क

**कोरबा।** वार्ड नंबर 23 में आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का समान अपनाओं का अभियान बुधवारी में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया एवं लोगों को बताया गया कि अधिक से अधिक स्वदेशी सामान का ही उपयोग करना है। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में जिला के महामंत्री अजय विश्वकर्मा, कोसाबाड़ी मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, कार्यक्रम संयोजक पुनीराम साहू, सहसंयोजक श्रीमती मीरा सोनी, पार्षद पंकज देवांगन, संजू शर्मा, रजनीश मिश्रा, दीनू महाराज, राजवाड़े, ओम प्रकाश जायसवाल, बुधराम साहू, कपिल पांडे, श्याम साहू, मीना ठाकुर, सुकून साहू, कमला नेपाली, बबली साहू, रानू साहू, कोसी पटेल, शिवा राठौर बूथ अध्यक्ष कोहड़िया एवं अन्य कार्यकर्ता, आम नागरिक शामिल हुए।

### बिजली विभाग के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**कोरबा।** जेलगांव अयोध्यापरी स्थित पावर सिटी क्षेत्र के फेस वन निवासियों की कॉलोनी के बीच पार्क में बच्चों की खेलने की जगह में नए बिजली के टावर को लगाने पर बीते कई दिनों से बिजली विभाग और फेस वन निवासियों से तनातनी चल रही है। ऐसे में दर्री तहसील कार्यालय में हाई टेंशन विद्युत टावर निर्माण को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कॉलोनी निवासी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर टोप्पो सीएसपीडीसीएल के द्वारा कानून की अनदेखी करते हुए पावर सिटी फेज 1 निवासियों के विरोध करने के बाद भी पार्क को उजाड़ने का काम किया है। मकान खरीदते समय सुंदरता को देखते हुए मकान खरीदा गया था, पार्क नष्ट करते हुए टावर लगाया जा रहा है, जो नियम के विरुद्ध है। कॉलोनी वासियों का कहना है अगर बिजली विभाग उनके पक्ष में फैसला नहीं लेते हैं, तो परूजोर तरीके के धरने पर बैठने को मजबर होंगे।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ की वार्षिक बैठक संपन्न

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर मंडल की वार्षिक बैठक पटेल भवन बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने की। मंच संचालन मंडल सचिव प्रोम्पी कुमार सिंह ने किया। प्रमुख अतिथि एवं वक्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल उपस्थित रहे। मंच पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर जोन के महामंत्री तिरुमलेश नायडू, जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सहायक सचिव नूतन वर्मा, टाटाबाबू राव तथा मंडल चुनाव अधिकारी संजय तिवारी भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री उपस्थित थे। प्रोम्पी कुमार सिंह ने संघ के वार्षिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच से संजय तिवारी, राकेश साहू, संतोष पटेल एवं तिरुमलेश नायडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज के ग्राम जेंजरा में हुई घटना

# 24 घंटे के भीतर दंतैल ने दो महिलाओं की ले ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहा दंतैल हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे में दंतैल हाथी ने अब तक दो महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया है। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है। वन विभाग की टीम दंतैल हाथी को ट्रैकिंग कर उसे कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है लेकिन जिस तरह से वह क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है इससे लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सावधान करने में डटी हुई है।

**खास बात**

- अलसुबह दंपति शौच के लिए गए थे नाला

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर वनमंडल के सीपत रेंज से पहुंचे दंतैल हाथी ने एक दिन पहले ही चैतमा रेंज में एक महिला को मौत की घाट उतारा था। इस घटना को लोग भूल भी नहीं पाए थे कि यह दंतैल हाथी कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज जा पहुंचा और अलसुबह लगभग 5 बजे ग्राम बंजारा चंदनपुर निवासी दंपति राजकुमार निर्मलकर व उसकी पत्नी मीना बाई 35 वर्ष शौच के लिए अपने घर से लगभग 50 मीटर दूर नाले में गए हुए थे। इस दौरान दंतेल हाथी वहां आ धमका और मीना बाई को पटक पटक कर मौत की घाट उतार दिया जबकि उसका पति राजकुमार निर्मलकर किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। घटना के होते ही गांव में भय का वातावरण निर्मित हो गया और ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। हाथी हमले में महिला की मौत की खबर सुनते ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतका मीराबाई के परिजनों को आर्थिक सहायता की राशि वन विभाग की ओर से प्रदान की गई है जबकि पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृत महिला।





घटना स्थल पर परिजनों को सहायता राशि देते वन विभाग के अधिकारी।

### जटगा रेंज में डेरा डाले हुए 51 हाथियों का झुंड

गुरुवार की देर शाम कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में 51 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें 50 हाथियों का झुंड जटगा रेंज के बाल पचरा क्षेत्र में डेरा जमाया हुआ है जो यह झुण्ड शांत है जबकि झुण्ड से अलग विचरण कर रहा सीपत से पहुंचा दंतैल हाथी बहुत ही आक्रामक है जो लगातार लोगों को अपना निशाना बना रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम इस हाथी द्वारा जान माल का नुकसान ना हो इसके लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है और वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में पहुंचकर हाथी प्रभावित गांवों में मुनादी कर लोगों को सावधान करने में जुटी हुई है। बताया जाता है की देर शाम होते ही यह हाथी रिहायशी क्षेत्र में घुसने की कोशिश करता है और जान माल का नुकसान पहुंचता है।

### कोरबा वनमंडल में भी 15 हाथियों का झुण्ड कर रहा है विचरण

कोरबा वनमंडल में भी 15 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। पिछले कई महीनो से 50 हाथियों का झुंड कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा था। पिछले दिनों ही 37 हाथियों का झुंड करतला से पड़ोसी जिला रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल की ओर रुख किया है लेकिन अभी मौजूदा स्थिति में 15 हाथियों का झुण्ड कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहा है जिससे हाथियों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर इस साल खड़ी फसल तैयार होते ही सबसे ज्यादा खड़ी फसलों को नुकसान हाथियों ने किया है। कोरबा व कटघोरा वनमंडल की बात करें तो इस साल हाथियों ने बड़े पैमाने पर फसलों की क्षति की है।

# कोयला अफरा तफरी के खेल में पांच आरोपी फिर भेजे गए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला अफरा तफरी के मामले में दीपिका पुलिस ने फिर से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पहले ही पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था। अब तक इस मामले में कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तार कर चुकी है।

**खास बातें**

- दीपका थाना क्षेत्र का मामला
- कोयला को बिलासपुर के दूसरे यार्ड में किया गया था अनलोड

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विगत दिनों दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू व उनकी टीम ने कोयला अफरा तफरी के मामले का भांडा फोड़ किया था और घटना में इस्तेमाल की गई 6 ट्रेलर वाहनों सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू व उनकी टीम ने अलग अलग स्थानो में दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो में क्रमशः खारौनधी जिला गढ़वा झारखंड निवासी नगीना प्रजापति 38 वर्ष पिता स्व लखों प्रजापति, मौहाडीह बिंझरपारा थाना हरदी बाजार निवासी रवि कुमार यादव उम्र 25 साल पिता चिंताराम यादव, भारतीय नगर बिलासपुर थाना सिविल लाइन बिलासपुर निवासी आशीष अग्रवाल उर्फ सोनू उम्र 33 साल पिता स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मौहाडीह बिंझरपारा थाना हरदी बाजार निवासी अशोक कुमार बिजवाड़ उम्र 42 साल पिता स्वर्गीय धनीराम बिजवाड़, गोपालपुर चैतमा थाना पाली निवासी संजू लाल उम्र 26 साल पिता चंदू लाल सारथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से इस कारोबार से जुड़े अवैधकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस मामले की बारीकी से तहकीकात में जुटी हुई है। इस में जिन लोगों की संलिप्तता है उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी होगी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### इन ट्रेलरों में की गई थी अफरा तफरी

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महताब आलम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बिजी 5024, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 9913, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 4253, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 इ एच 2713, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 5301, ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीयू 9401 उपरोक्त ट्रेलर के संचालकों द्वारा अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग के स्टाफ के साथ मिलकर एसइसीएल गेवरा खदान से अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग तक जाने वाले 335 टन कोयला को अदानी पावर के जयरामनगर रेलवे साइडिंग ना पहुंचा कर कोयले की अफरा तफरी किया गया है।

# ग्राम बकसाही में अवैध रूप से भंडारित 95 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से भंडारित धान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी, खाद्य निरीक्षक रवि राज एवं राजस्व निरीक्षक पाली कन्हैया की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बकसाही में जांच कार्रवाई की गई। जांच के दौरान व्यापारी सतीष जायसवाल की दुकान से 143 बोरी धान, कुल वजन 57.20 क्विंटल तथा व्यापारी कृष्ण जायसवाल की दुकान से 95 बोरी धान, कुल वजन 38.00 क्विंटल अवैध रूप से भंडारित पाया गया। उक्त अवैध भंडारण के संबंध में नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही करते हुए कुल 238 बोरियों में 95.20 क्विंटल धान जब्त किया गया। मामले में संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं खरीदी-बिक्री के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।



जब्त धान।

# किचन में रखा सिलेंडर धमाके के साथ फटा, सारा सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र के वैष्णव दरबार सब स्टेशन के सामने संतोष केवट के घर में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार घर के किचन में आग लगी और गैस सिलेंडर तेज धमाका के साथ फट गया धमाके की तेज आवाज सुनकर लोग चौंक पड़े। घटना का सुखद पहलू रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। घटना में टीवी, फ्रिज, कूलर, अलमारी, पलंग सहित घर में रखे पूरा राशन सामान जल कर खाक हो गई घटना की सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग़ पर काबू पाया।

वार्ड 11 के पार्षद पति सुजीत राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां जानकारी मिली कि पूरा परिवार कम पर गया हुआ है और घर ताला बंद था इस दौरान आग जल की घटना सामने आई दमकल वाहन किसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंच घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं किचन में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गया था। जिसके चलते बड़ी घटना घट सकती थी समय रहते दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मकान मालिक संतोष केवट ने बताया कि घर पर सुबह 9 बजे पूजा पाठ करने के बाद वह और उसकी पत्नी कम पर चले गए वहीं बच्चे भी अपने काम पर निकल गए उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि घर में आगजनी की घटना सामने आई है। संभावना जताई जा रही है कि पूजा रूम में जल रहे दिए की बाती को चूहा लेकर गया होगा और आगजनी की घटना सामने आई है। मकान मालिक संतोष केवट ने बताया कि इस घटना में उसे लाखों को नुकसान हुआ है।



धमाके से जला सामान।

## स्काउटिंग के क्षेत्र में मॉडल बनकर उभर रहा कोरबा जिला

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कोरबा जिला के पदाधिकारियों और लीडर्स के साथ परिचयात्मक बैठक की। जिला स्काउट कार्यालय में आयोजित बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त श्री खालसा ने कहा कि जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख के नेतृत्व में कोरबा जिला स्काउटिंग के क्षेत्र में पूरे राज्य में एक मॉडल बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्काउट आंदोलन को गुणवत्तपूर्ण तरीके से विस्तार देने प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए लक्ष्य के साथ मेंबरशिप ग्रोथ पर फोकस किया गया है। राज्य मुख्य आयुक्त ने बताया कि बालोद में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी की तैयारी जोर- शोर से चल रही है। छत्तीसगढ़ के साथ ही अन्य राज्य के रोवर्स, रेंजर्स, सीनियर स्काउट्स, गाइड्स्स तथा लीडर्स इस जम्बूरी में भागीदारी के लिए उत्साहित हैं। जम्बूरी में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कई केन्द्रीय मंत्रियों सहित अन्य गणमान्य लोगों का भी आगमन होगा।

# तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक एनटीपीसी गेट से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार बाइक सवार एनटीपीसी गेट से जा टकराया। इस दौरान बाइक और गेट दोनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बाइक चला रहे युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसे निजी वाहन से अस्पताल रवाना किया गया। इसकी सूचना दर्री थाना पुलिस को दी गई, जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली और आगे की जांच शुरू की। युवक की पहचान दर्री क्षेत्र के रहने वाले युवक के रूप में हुई है। सूचना उसके परिजनों को दी गई। बताया जा रहा है कि युवक स्पोर्ट्स बाइक से तेज रफ्तार में आ रहा था और नियंत्रण खोने के बाद सीधे एनटीपीसी के स्टील गेट से जा टकराया, जिससे गेट भी टूट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। फिलहाल दर्री थाना पुलिस ने बाइक को थाने लाकर युवक का हाल जाना। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

## जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

# कलेक्टर रहते अजीत वसंत ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जिले की प्रशासनिक यात्रा में 18वें कलेक्टर के रूप में अजीत वसंत का कार्यकाल संवेदनशीलता, दृढ़ निर्णय और विकास के स्पष्ट दृष्टिकोण से भरा एक उल्लेखनीय अध्याय बन गया है। 4 जनवरी 2024 को जिला कार्यालय में पदभार ग्रहण करते समय उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनका कार्यकाल केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा। लगभग दो वर्षों के कार्यकाल में उनका यह संकल्प शब्दों से निकलकर धरातल पर साकार होता दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देशन एवं मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में डीएमएफ फंड के सुव्यवस्थित और दूरदर्शी उपयोग से जिले के विकास के लिए ठोस आधार तैयार किया गया। बीते कुछ वर्षों से डीएमएफ को लेकर बनी विभिन्न धारणाओं की परवाह किए बिना श्री वसंत ने इसके सदुपयोग की स्पष्ट रणनीति बनाते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों को प्राथमिकता दी। आने वाले कुछ महीनों में इन प्रयासों से कोरबा जिले में विकास की नई तस्वीर दिखाई देने की अपेक्षा है। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकविहीन विद्यालयों में डीएमएफ से शिक्षकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की व्यवस्था, कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाओं की शुरुआत तथा दसवीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए रायपुर में नीट और जेईई जैसी आवासीय कोचिंग की सुविधा, बारहवीं में अच्छे अंक हासिल कर बड़े संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता के साथ उनके करियर निर्माण में मदद उपलब्ध कराई गई। ये पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि श्री वसंत ने वर्तमान के साथ-साथ जिले के भविष्य पर भी गंभीरता से कार्य किया। उन्होंने जिले की पहचान पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने, स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियां सुनिश्चित करने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाओं की ⏭ शेष पेज 2 पर





कार्यक्रम में उपस्थित अजीत वसंत एवं अन्य।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया वनभोज का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला ईकाई के सदस्य पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं। इस वर्ष हसदेव नदी के किनारे जोराघाट पिकनिक मनाने के लिए कोरबा पूर्व व पश्चिम के 90 सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने क्रिकेट के तर्ज पर गिल्लि-डंडा खेल कर अपने बचपन के दिनों की याद ताजा करते हुए भरपूर आनंद उठाया।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अशोक वाटिका में डीएवी खरमोरा के छात्रों ने मनाया पिकनिक

**कोरबा।** डीएवी खरमोरा द्वारा प्री-प्राइमरी कक्षाओं एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए अशोक वाटिका में एक अत्यंत आनंददायक एवं यादगार पिकनिक का आयोजन किया गया। यह सुंदर आयोजन विद्यालय के सम्माननीय प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हरी-भरी हरियाली से घिरे बगीचे में बच्चों ने प्रकृति के सान्निध्य में खूब आनंद लिया। बच्चों की आँखों में खुशी, चेहरे पर मुस्कान और मन में उत्साह देखते ही बनता था। बस द्वारा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की गई थी, जिससे बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। पिकनिक के दौरान बच्चों ने सामूहिक रूप से कम्युनिटी लंच का आनंद लिया, झूले झूले, खेल-कूद किया, आपस में हँसी-मज़ाक किया तथा सुंदर पलों को फोटोग्राफी के माध्यम से यादों में संजोया। पूरे दिन बच्चों की खुशियाँ इतनी अनमोल थीं कि उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। इस आयोजन में श्रीमती प्रीति अग्रहरि, साहिबा बानो, श्रीमती साक्षी शर्मा, श्रीमती आरती कुमारी सहित सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### राठौर बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश/जिला के शीर्ष नेतृत्व के शुभाशीष से जिला कोरबा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिलाध्यक्ष डॉ विजय राठौर को दायित्व सौंपे जाने पर हृदय से आभार व्यक्त करते हुए संकल्पबद्ध होकर अपनी सम्पूर्ण शक्ति, सामर्थ्य और परिश्रम के साथ कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं उत्कर्ष की ओर अग्रसर करने का कार्य करने का संकल्प लिया है। डॉ विजय राठौर ने विश्वास दिलाया है कि हम सब मिलकर सेवा, संगठन और समर्पण के मार्ग पर चलते हुए 'विकसित भारत' का मार्ग प्रशस्त करेंगे। डॉ विजय राठौर के जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं सहित ईस्ट मित्रों एवं समाज में उत्साह है।



### अग्रसेन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी



**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में विज्ञान प्रदर्शन व पुरूस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश पवार प्राचार्य डीपीएस बालको व विशिष्ट अतिथि में राजेन्द्र अग्रवाल अग्रवाल सभा अध्यक्ष उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्वलन के साथ की गई। मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव टी एन बजाज ने मुख्य अतिथि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों को आगे बढने का प्रयास भी है विज्ञान प्रदर्शन अपनी सोच को आगे लाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम उचा कर रहे है विज्ञान प्रदर्शनी में भी अपना नाम करना है विज्ञान के संबंध में आप सब मार्ग दर्शन में सीख रहे है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डीपीएस कैलाश पवार ने कहा कि विद्यालय के प्रांगण में अच्छा वार्तावरण है शिक्षा के लिए यह वर्तावरण उपयोगी है वर्तमान भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विज्ञान ने देश समाज और आप सब को आगे बढ़ाया है। इस अवसर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के श्रीमति अनिता सिंघल, टीएन बजाज अनिल अग्रवाल, शिक्षक एवं शिक्षकाऐं उपस्थित थी।

### लापता चैतराम का नहीं मिला सुराग

कोरबा। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वैशाली नगर से एक बुजुर्ग चैतराम यादव लापता हो गया है। परिजनों ने बताया कि चैतराम यादव सोमवार की सुबह तकरीबन 10 बजे तालाब जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस लौट कर नहीं आए, बताया गया कि चैतराम को आखिरी बार सोमवार को ही लगभग शाम 4 बजे कुसमुंडा थाना के समीप भुट्टा चौक के पास देखा गया था। उसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही है परिजनों द्वारा लगातार बुजुर्ग की खोजबीन की जा रही है। कुसमुंडा थाने में भी सूचना दर्ज कर दी गई है। फिलहाल लापता चैतराम का कोई सुराग नहीं मिल पाया है इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# रेलवे के नोटिस के बाद भड़का लोगों का आक्रोश, इमली छापर में सड़कों पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अलग खबर

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर बस्ती में बीते कुछ दिनों से रेलवे प्रबंधन के द्वारा मकान तोड़ने के लिए लगातार नोटिस दिया जा रहा है। आज गुरुवार की सुबह कुछ रेलवे के कर्मचारी घरों के बाहर निशान लगने लगे और लोगों से कहने वालों की मकान खाली कर दो तोड़ना है। जिसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और वे सभी बड़ी संख्या में इमली छापर चौक पहुंच गए। जहां पर पहले मुख्य सड़क को चक्काजाम करने की कोशिश किए, लेकिन स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें आम लोगों के रास्ते में नहीं बैठने का आग्रह किया कि उनकी समझाइश के बाद सभी ट्रक जाने वाले सड़क पर बैठ गए। कुछ देर बाद दर्री

## मीटिंग के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ चक्काजाम





तहसीलदार भी मौके पर पहुंची उन्होंने लोगों से बातचीत की। रेलवे अधिकारी और प्रशासन के साथ बैठकर मीटिंग कर का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग सड़क से हटे। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व पार्षद और कोरबा विहिप जिलाअध्यक्ष अमरजीत सिंह, सर्वमंगला नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, इमलीछापर वार्ड पार्षद आरती लखन सिंह, विकास नगर पार्षद गीता गभेल, पूर्व पार्षद और वर्तमान कुसमुंडा कांग्रेस अध्यक्ष बसंत चंद्रा, कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

## नेशनल हेराड मामले में ईडी के एफआईआर रद्द किए जाने का मामला

# कांग्रेसियों ने किया जिला भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुरूवार को भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया गया। घेराव कार्यक्रम के पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता टीपी नगर चौक के समीप एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी पैदल भाजपा कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

**खास बात**

- कांग्रेसियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया सत्य की जीत

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा एफआईआर को शीर्ष अदालत द्वारा रद्द किया जाना सत्य की जीत है। यह मोदी, शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा देश भर के सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा कार्यालय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया है। घेराव के दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, रेखा त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष गजानंद साहू, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद सुकसागर निर्मलकर, बद्री किरण, अध्योध्या मस्तुल कंवर, अविनाश बंजारे, डॉ.गोपाल कुर्रे, सुभाष राठौर, गीता गभेल, पूर्व रामगोपाल यादव, पालुराम साहू, रोपा तिर्की, प्रदीप जायसवाल, वीरसाय धनुहार, मनीष शर्मा, जवाहर निर्मलकर, बुद्धेश्वर चौहान, गिरधरी बरेठ, गणेश दास महंत, रामकुमार राठौर, प्रेमलाल साहू, रमेश वर्मा, कुंजबिहारी साहू, कन्हैया राठौर, गीता महंत, सीमा उपाध्याय, शशि उपाध्याय, अगन बाई, सजीदा बेगम, लक्ष्मी महंत, सुरेश राठौर, जीवन चौहान, शांति साहू, विजय जायसवाल, अवधेश लाठिया, अनिल कुजुर, मनहरण राठौर, पियुष पाण्डेय, अमित सिंह, गोकुल देवांगन, रम्हन दास, राजेश श्रीवास, आकाश प्रजापति, मधुसुधन दास, सत्यप्रकाश, भीमलाल, फिरोज अनंत, यशपाल कंवर, राकेश अग्रवाल, निर्मल साहू, रामकुमार चंद्रा, गौतम वैष्णव, शशि राज, रज्जाक, अमित पन्ना, बंटी दास, विशाल राजूपत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



घेराव में शामिल कांग्रेसी।

## रेड क्रॉस ने आयोजित किया एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शासकीय ईवीपीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग तथा प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन एवं रेड क्रॉस संयोजक डॉ.अवंतिका कौशिल, सदस्य डॉ.ज्योति राठौर के निर्देशन में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ.शैलेन्द्र कुमार गौतम, डॉ.रूपमती मरावी, सुश्री पूर्वा रानी, सुश्री अर्पणा कुजूर और चंदन चौहान के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को एचआई एड्स के कारणों, लक्षणों, रोकथाम तथा इससे संबंधित भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के विशेषज्ञों एवं संगीता चनापे द्वारा एचआई एड्स के संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सही जानकारी और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है तथा इससे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रीति स्वर्णकार बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष



उद्योग मंत्री से मुलाकात करती जिला अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश महिला कार्य समिति की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष भी घोषित कर दिए गए हैं। कोरबा जिले में श्रीमती प्रीति स्वर्णकार को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी में भी कोरबा जिले को तवज्जो दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त कोरबा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार ने उद्योग मंत्री से भेंट कर कोहड़िया निज निवास कार्यालय में स्नेहिल भेंट कर चर्चा की। इस दौरान श्री देवांगन ने उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि आप के नेतृत्व, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को और मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती स्वाति कश्यप, श्रीमती अंजलि राज कुल्लर, श्रीमती चंद्रमणी उपाध्याय, श्रीमती गायत्री कश्यप भी उपस्थित रहें।

### ज्योति बनी भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा में जिले के लिए गौरव का क्षण सामने आया है। प्रदेश कार्यकारिणी में कोरबा से ज्योति पाण्डेय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि ज्योति पाण्डेय के अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर कोरबा जिले में बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# साईं पालकी यात्रा का आयोजन, जगह-जगह स्वागत





साईं पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु एवं झांकी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटघोरा

साईं समिति कटघोरा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक साईं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। इस साईं पालकी यात्रा की शुरूआत अहिरन नदी से की गई जो कि कारखाना एरिया मुख्य मार्ग के सांथ शहीद वीरनारायण चौक होते हुए साईं मंदिर मेला मैदान पर समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए यात्रा के दौरान पूरा नगर साईं राम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

**खास बात**

- कटघोरा नगर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम

साईं बाबा की आकर्षक रूप से सजी पालकी को फूलों, रोशनी एवं धार्मिक ध्वजों से सजाया गया था। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पालकी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। नगरवासियों ने अपने घरों और दुकानों के सामने रंगोली सजाई, धूप-दीप जलाए तथा साईं बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भजन-कीर्तन व एक से बढ़कर एक झांकी के सांथ मंडलियों द्वारा साईं भजनों की प्रस्तुति ने यात्रा को और भी भक्तिमय बना दिया। साईं समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पालकी यात्रा का उद्देश्य नगर में आपसी भाईचारे, शांति एवं धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। समिति द्वारा यात्रियों के लिए जलपान एवं प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। यात्रा के समापन पर साईं मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस भव्य साईं पालकी यात्रा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि कटघोरा नगर साईं बाबा की भक्ति और श्रद्धा में सदैव अग्रणी रहा है। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, मुकेश गोयल, राजूदास दीवान पार्षद, भारत भूषण, रामविशाल सहित सभी वार्डवासी व नगरवासी उपस्थित रहे।

### संतोषी दीवान बनीं प्रदेश मंत्री



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन ने नई पदाधिकारियों की घोषणा की है। प्रदेश कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार संतोषी दीवान को भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। संगठन नेतृत्व ने संतोषी दीवान पर भरोसा जताते हुए कहा है कि वे अपने अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करेंगी।भाजपा महिला मोर्चा का मानना है कि संतोषी दीवान पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी और महिला सशक्तिकरण के कार्यों को नई दिशा देंगी।

### निगम के पैनल में धनेश सदस्य नियुक्त



**कोरबा।** नगर निगम कोरबा ने अपने पैनल में अधिवक्ता धनेश सिंह को शामिल किया है। एमआईसी की बैठक में उनकी नामजदगी का प्रस्ताव पारित किया गया। वे काफी समय से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने बिजली वितरण कंपनी के लिए काम किया है। निगम के पैनल में खुद को शामिल करने पर सिंह ने मेयर संजू देवी राजपूत सहित सदस्यों का धन्यवाद जताया है।

### तत्काल टिकट बुकिंग के लिए काउंटरों पर ओटीपी सुविधा लागू

**कोरबा।** अब यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए वन टाईम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित प्रणाली लागू कर दी गई है। जिसके बाद अब ओटीपी दर्ज करने के बाद ही टिकट बुकिंग की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली लागू की जा रही है। यह सुविधा 18 दिसंबर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने 6 ट्रेनों के लिए पीआरएस काउंटरों पर प्रभावी हो गई है। ओटीपी आधारित इस व्यवस्था के अंतर्गत, तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसे दर्ज करने के पश्चात ही टिकट बुक किया जा सकेगा। इससे फर्जी बुकिंग, बॉट्स के दुरुपयोग एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा तथा वास्तविक यात्रियों को अधिक लाभ मिलेगा।

## विशेष न्यायाधीश जांजगीर ने सुनाया फैसला

# निर्ममता पूर्वक दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी को मृत्युदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

निर्ममता पूर्वक दुष्कर्म करने के साथ हाथ व गले की नस काटकर हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मामला सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के डभरा थाना अंतर्गत ग्राम सुखदा निवासी शंकर पिता रूपसिंह निषाद उम्र 25 वर्ष ने पीडिता को बाढ़ के समय रास्ता बंद होने पर नए रास्ते से बेमेतरा पहुंचाने का झांसा दिया। वह उसे पलगढ़ा के रास्ते लेकर जा रहा था। इस दौरान उसकी नियत बिगड़ गई और वह उसे साजापाली जूनाडीह के जंगल की ओर ले गया। वहां असहाय पीडिता के समक्ष शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। पीडिता द्वारा मना करते हुए विरोध करने पर आरोपी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया तथा उसके सिर पर पत्थर से वार करके घायल कर दिया। इसी अवस्था में उसने पीड़िता के मुंह बंद करके उसके हाथों को स्कार्फ से बांध दिया और उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया। इसके बाद हाथ और गले की नस को काटकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शंकर निषाद के खिलाफ अपहरण और अनाचार तथा हत्या का अपराध कायम कर विवेचना शुरू की। विवचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान से दोषसिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश (एसटी, एससी एक्ट) कुमारी सुनीता साहू ने कहा कि न्यायालय के मत में प्रकरण विरलतम से विरल प्रकार है। दंड में किसी भी प्रकार से नरमी बरतना समाज में विपरीत संदेश देगा। अभियुक्त के कायरतापूर्ण विभत्स , पैशाचिक, आपराधिक कृत्य के लिए आजीवन कारावास की सजा अपर्याप्त होगा। ऐसे में माननीय न्यायालय ने आरोपी शंकर निषाद पिता रूपसिंह निषाद उम्र 25 वर्ष को भारतीय दंड संहिता की धारा 364 के तहत 10 वर्ष कठिन कारावास एवं 1 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 376 एवं 302 के तहत मृत्युदंड और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित sकिया। अर्थदंड नहीं पटाने पर 1-1 माह का कठिन कारावास पृथक से भुगताए जाने के आदेश दिए है। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी एक्ट) धीरज शुक्ला ने पैरवी की।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780